समाचार

कोरोना संक्रमण से बचने सतर्कता बरते, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे–महापौर

कोरबा 10 नवम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना का संक्रमण अभी रूका नहीं है बल्कि लगातार कोरोना पाजिटिव मरीज मिल रहे हैं, अतः संक्रमण से बचने के लिए सतर्कता बरतें, कोविड–19 के सभी प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन करें, मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

महापौर श्री प्रसाद कहा है कि त्यौहारों को देखते हुए बाजारों दुकानों व सार्वजनिक स्थानों में भीड़ बढ़ने की संभावनाएं हैं, एक–दूसरे से निकट संपर्क में आने से कोरोना संक्रमण बढ़ने का खतरा बना रहता है,

अतः संक्रमण से बचने एवं उसके प्रसार को समाप्त करने के लिए अत्यंत आवश्यक है कि हम सभी कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन करें। समय–समय पर अपने हाथ साबुन से धोएं, हैण्ड सेनेटाईजर का उपयोग करें, आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले एवं अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, मास्क को बार–बार हाथों से न छुएं। एक दूसरे से बात करते समय आपस में उचित दूरी बनाकर रखें। त्यौहारी सीजन को देखते हुए बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावनाएं हैं, अतः भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचे। दुकानों, संस्थानों, बाजारों, कार्यालयों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों व सार्वजनिक स्थलों में सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करें, आपस में दो गज दूरी बनाकर रखें। उन्होने कहा है कि खुले में खानपान करने हेतु मास्क उतारना पड़ता है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, अतः खुले में खानपान न करें, खाद्य पदार्थो को पैक कराकर घर लें जाएं तथा उनका घर पर ही सेवन करें। पान, गुटका, सिगरेट आदि का सेवन सार्वजनिक स्थानों पर न करें। सड़कों, सार्वजनिक स्थानों में थूंकने से भी संक्रमण को बढ़ावा मिलता है, अतः पान, गुटका खाकर या सामान्य रूप से भी सड़क पर न थूंके, दूसरे व्यक्तियों को भी इसकी प्रेरणा दें तथा कोविड–19 से बचाव व नियंत्रण की दिशा में शासन प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों में अपना सहयोग दें।

दुकानदारों से अपील– महापौर श्री प्रसाद ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा है कि वे व्यवसाय के दौरान अपनी दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन कराएं। इस हेतु दुकानों के सामने ग्राहकों के खड़े होने के लिए मार्किंग व्यवस्था बनाएं तथा ग्राहकों को प्रेरित करें कि वे दुकान में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखकर ही समान का क्रय व अन्य लेनदेन करें। उन्होने दुकानदारों से अपील की है कि वे व्यवसाय के दौरान मास्क अवश्य लगाएं ताकि वे स्वयं एवं दुकान में पहुंचने वाले ग्राहक कोरोना संक्रमण की संभावनाओं से बचे रहें।